प्रो० राज कुमार
कुलानुशासक
वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर -222003 (उ०प्र०)
Mob.: +91-7518200146

Prof. Raj Kumar
Chief Proctor
Veer Bahadur Singh Purvanchal University
Jaunpur-222003 (U.P.)
Email:procvbspu@gmail.com

पत्रांक: 42/PROC/2024 दिनांक: 01/07/2024

सभी संकायाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष/ चीफ वार्डेन/ समस्त वार्डेन / शिक्षक

कृपया अपने स्तर से निम्न सूचनाओं सभी छात्र-छात्राओं को विभिन्न माध्यमों से प्रेषित करने का कष्ट करें| छात्र/छात्रायें इनका अनुपालन करना सुनिछित करें |

1. सभी छात्र-छात्राएं परिसर में पहचान पत्र के साथ ही प्रवेश करेंगे | कक्षा संचालन एवं परिसर में भ्रमण के समय सभी छात्र-छात्रायें विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अपना पहचान गले में पहने रहेंगे | परिसर के सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा पूछताछ किए जाने पर उसके साथ बहस न किया जाये |
2. शैक्षणिक सत्र 2024-25 में परिसर में प्रवेश पाने वाले समस्त छात्र-छात्राएं अपनी प्रवेश पर्ची (एडमिशन स्लिप) पर एक पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा करते हुए उसे विभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित कराकर अपने पास प्रोविजनल पहचान पत्र के रूप में सुरक्षित रखेंगे तथा मांगे जाने पर उसे प्रस्तुत करेंगे जब तक उनका स्थाई पहचान पत्र विश्वविद्यालय द्वारा जारी नहीं होता है|
3. विश्वविद्यालय परिसर में दो पहिया वाहन यथा स्कूटर, मोटरसाइकिल आदि पर दो से अधिक लोग बैठकर न चले एवं ड्राइविंग करते समय हेलमेट पहनकर ही परिसर में प्रवेश करें |
4. मोटर वाहनों की परिसर में गति सीमा 20 किलोमीटर प्रति घंटा है |
5. गाड़ियों की पार्किंग यथास्थान सुरक्षा कर्मी के निर्देशों के अनुसार ही करने का कष्ट करें |
6. कक्षाओं के संचालन के समय पार्क अथवा अमृत सरोवर जैसे स्थानों पर बैठना पूर्णतया वर्जित है |
7. परिसर में रैगिंग पूर्णतया प्रतिबंधित है | किसी भी छात्र या छात्रा के रैगिंग कार्यकलापों में लिप्त पाए जाने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जा जायेगी |
8. छात्र-छात्राएं इस बात का विशेष ध्यान रखें कि परिसर में धूम्रपान, गुटका या नशीले पदार्थों का सेवन पूर्णतया प्रतिबंधित है |

O/C

01/07/2024
(प्रो० राज कुमार)

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

1 छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता के सूचनार्थ |
2 मीडिया प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह विभिन्न समाचार पत्रों में इस सूचना को प्रकाशित कर दें |
3 व्यक्तिगत सचिव, कुलपति जी, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित
4 व्यक्तिगत सचिव, कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित|
5 डॉ संजीव गंगवार, वेब मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दें |
6 गार्ड फाइल
7 सुपरवायजर, सुरक्षाकर्मीं विश्वविद्यालय परिसर

01/07/2024
(प्रो० राज कुमार)